for dealing with the problem in the form of (i) a programme of expanded community development, and (ii) a programme for the promotion of small-scale and village industries, as recommended by the Karve Committee.

**कैलास मानसरोवर के लिये यात्री**

९४८. **श्री भक्त दर्शन :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिमालय के विभिन्न दर्रों से इस वर्ष कितने यात्री कैलास-मानसरोवर गये ; और

(ख) भारत गणराज्य और चीन के जनवादी गणराज्य के बीच में चीन के तिब्बत क्षेत्र और भारत में व्यापार और समागम के लिये हुए करार के साथ संलग्न पत्र व्यवहार के पैरा १० के अनुसार चीन सरकार कैलास को जाने वाले भारतीय यात्रियों के लिये जिन विश्राम गृहों के बनाने के लिये सहमत हो गई थी उनके निर्माण में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

**प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) :** (क) तथा (ख). कई जांच चौकियों (check posts) से अब तक मिले अपूर्ण आंकड़ों के मुताबिक १९५३ में २९८ और १९५४ में ११८३ के मुकाबले में, इस वर्ष ३७९ तीर्थयात्री भारत से कैलास-मानसरोवर को गये । १९५४ की इस बड़ी संख्या का कुछ अंश तक यह कारण था कि यह वर्ष तिब्बत के सब से बड़े धार्मिक मेले "टेलों" का वर्ष था जो १२ सालों में एक बार होता है । चीन के तिब्बत प्रदेश में अभी तक तीर्थयात्रियों के लिये कोई आराम घर नहीं बनाये गये हैं । वहां के अधिकारियों ने अगले तीर्थ वर्ष में आराम घर बनवाने का वायदा कर लिया है । पहले की तरह, इस साल तीर्थयात्रियों ने तम्बुओं वगैरह के लिये अपने इन्तजाम किये थे ।

**छोटे पैमाने के उद्योग**

९४९. **श्री विभूति मिश्र :**
**श्री डी० सी० शर्मा :**

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बात को देखने के लिये कोई व्यवस्था की है कि छोटे पैमाने के उद्योगों को दिये गये धन का उचित रूप में उपयोग किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और

(ग) कितने उद्योगों की अभी तक जांच की गई है और उन्होंने कितनी प्रगति की है ?

**वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) :** (क) जी, हां ।

(ख) तथा (ग). भारत सरकार ने जिन योजनाओं के लिये रुपया स्वीकृत किया है, उनकी प्रगति के विषय में राज्यों से तिमाही रिपोर्ट मंगाई जाती है । जिन योजनाओं के विषय में कम प्रगति होती है उनकी ओर राज्य सरकारों का ध्यान विशेषत: दिलाया जाता है । छोटे पैमानों के उद्योगों के विकास कमिश्नर के कार्यालय में चार निरीक्षण अफसर नियुक्त किये गये हैं । जिन योजनाओं के लिये भारत सरकार द्वारा रुपया स्वीकृत किया जा चुका है उनका ये अफसर निरीक्षण करेंगे और प्रत्येक योजना की प्रगति के विषय में रिपोर्ट देंगे । भारत सरकार को जो रिपोर्टें मिली हैं उनसे प्रकट होता है कि राज्य सरकारों द्वारा इन योजनाओं को अमल में लाये जाने की प्रगति कुछ धीमी रही है ।

**Coffee Plantations**

950. **Shri D. C. Sharma:** Will the Minister of Commerce and Industry be pleased to state the number of Indians